भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1360

03.12.2024 को उत्तर के लिए नियत

भारी उद्योगों की स्थापना

1360. श्री रोडमल नागर:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की योजना क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए राजगढ़ निर्वाचन क्षेत्र सहित मध्यप्रदेश के ग्रामीण एवं अर्ध-ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उद्योग स्थापित करने की है;

(ख) औद्योगिक अवसंरचना के विकास हेतु मध्य प्रदेश में, विशेष रूप से राजगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत परियोजनओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा राजगढ़ में पारंपरिक उद्योगों तथा कारीगरों को सहायता प्रदान करने हेतु कोई विशिष्ट योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(घ) राजगढ़ में स्थानीय निवासियों को भारी उद्योगों के क्षेत्र में रोजगार दिलाने में सहायता हेतु रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमो का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग मंत्री

(**श्री एच. डी. कुमारस्वामी**)

(क) : उद्योग राज्य का विषय है, अतः भारी उद्योग मंत्रालय राजगढ़ निर्वाचन-क्षेत्र सहित मध्यप्रदेश के ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण क्षेत्रों में क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए भारी उद्योगों की स्थापना से संबंधित कोई केन्द्रीकृत आंकडे नहीं रखता।

(ख) : मंत्रालय के पास मध्यप्रदेश और विशेषकर राजगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में औद्योगिक अवसंरचना के विकास के लिए कोई परियोजना नहीं है।

(ग) और (घ) : प्रश्न नहीं उठता।

***